POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 01.04.2025

थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा 02 साइबर अपराधी गिरफ्तार, कब्जे से 02 मोबाइल फोन व 02 चेक बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **01-04-2025** को **थाना साइबर क्राइम नोएडा** पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये वादिया मुकदमा नि0 नोएडा के साथ व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क कर वादिया द्वारा लिए गए लोन की रेट ऑफ इंटरेस्ट कम करने के नाम पर वादिया से चेक लेकर 6,50,000 रुपए की धोखाधडी करने वाले 02 शातिर साइबर अपराधियो को नोएडा से किया गया **गिरफ्तार** है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- वादिया मुकदमा द्वारा दिनांक 24.03.2025 को थाना स्थानीय पर लिखित सूचना देकर मु0अ0सं0 23/2025 धारा 318(4)/319(2) बीएनएस व 66डी आई0टी0एक्ट का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। घटना क्रम के अनुसार वादिया द्वारा बजाज फिनसर्व के माध्यम से 12 लाख रुपए का लोन ऑनलाइन लेने के लिए प्रक्रिया शुरू की प्रक्रिया के दौरान उसके पास साइबर अपराधी द्वारा बजाज फिनसर्व कंपनी के रिलेशनशिप मैनेजर के नाम से फोन आता है कि यदि वादिया चेक के माध्यम से पैसा जमा करती है तो उसका रेट ऑफ इंटरेस्ट कम कर दिया जाएगा और जमा धनराशि मूल ऋण से कम कर दी जाएगी इस प्रकार साइबर अपराधी द्वारा वादिया मुकदमा से 6 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गयी दौराने विवेचना धारा 238 बीएनएस की वृद्धि की गयी है।

विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तगण 1- प्रिंस कुमार पुत्र अनूप कुमार मंडल मूल पता- लाल दरवाजा दलहट्टा थाना कोतवाली जिला मुंगेर बिहार वर्तमान पता ए 1 405 आम्रपाली सिलिकॉन सिटी सेक्टर 76 नोएडा 2- सुशील कुमार पुत्र दिनेश ठाकुर मूल पता गांव व पोस्ट सेटेढ थाना- नानपुर जिला सीतामढ़ी बिहार वर्तमान पता फ्लैट नंबर 3इ ब्लॉक 61 जनता फ्लैट सेक्टर 122 नोएडा गौतमबुद्ध नगर नोएडा को सेक्टर 62 से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण अपने साथी के साथ मिलकर इस प्रकार लोन लेने वाले व्यक्तियों को काल करके संबंधित लोन कंपनी का कर्मचारी बनकर रेट ऑफ इंटरेस्ट कम करने के नाम पर धोखाधड़ी करते है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1- प्रिंस कुमार पुत्र अनूप कुमार मंडल मूल पता- लाल दरवाजा दलहट्टा थाना कोतवाली जिला मुंगेर बिहार वर्तमान पता ए 1 405 आम्रपाली सिलिकॉन सिटी सेक्टर 76 नोएडा
2- सुशील कुमार पुत्र दिनेश ठाकुर मूल पता गांव व पोस्ट सेटेढ थाना- नानपुर जिला सीतामढ़ी बिहार वर्तमान पता फ्लैट नंबर 3इ ब्लॉक 61 जनता फ्लैट सेक्टर 122 नोएडा गौतमबुद्धनगर

बरामदगी का विवरण--

1- 02 एंड्रॉयड मोबाईल फोन
2- 02 चेक

➢ **नोटः- साइबर जागरूकता सुझाव**

1- साइबर से सम्बन्धित किसी समस्या के लिये साइबर क्राइम हेल्पलाईन नम्बर 1930 अथवा साइबर क्राइम की वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पद पर अपनी शिकायत दर्ज करें।
2- क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, पैन कार्ड व आधार कार्ड अपडेट करने के लिये बैंक कोई लिंक नहीं भेजा जाता है।